मॉड्यूल 4: किशोर न्याय बोर्ड

सत्र 2: कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों से संबंधित प्रक्रिया

अवधि: 2:18 मिनट

कार्यवाहियों के चौथे चरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है किशोर न्याय बोर्ड द्वारा पारित आदेशों के प्रकार, जिनमें शामिल हैं,

किशोर न्याय बोर्ड द्वारा पारित आदेशों का प्रकार (धारा 18)

- सलाह या चेतावनी के बाद घर जाने देना।
- सामूहिक परामर्श या ऐसी ही गतिविधियों में शामिल होना।
- सामुदायिक सेवा का कार्य करना।
- बच्चा या माता–पिता या अभिभावक द्वारा जुर्माना भरना।
- अच्छे व्यवहार की परिवीक्षा पर रिहा करना और माता–पिता या अभिभावक या उपयुक्त व्यक्ति या उपयुक्त सुविधा में रखना या उपयुक्त व्यक्ति द्वारा अच्छे व्यवहार तथा बच्चे की खुशहाली के लिए ज़मानत सहित या ज़मानत के बिना जो समय तीन वर्ष से अधिक न हो, इकरारनामा लिखवाना।
- अच्छे व्यवहार की परिवीक्षा पर रिहा करना और किसी उपयुक्त सुविधा की देखरेख तथा निरीक्षण में, अच्छे व्यवहार व बच्चे की खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए किसी भी अवधि के लिए जो तीन वर्ष से अधिक न हो, के लिए रखना।
- किसी विशेष गृह में रखा जाना, इतने अवधि के लिए जो तीन वर्ष से अधिक की न हो ताकि आवास की अवधि में सुधारात्मक सेवाएं यथा, शिक्षा, कौशल विकास, परामर्श, व्यवहार में परिवर्त्तन के लिए चिकित्सा, मनोरोग सहायता दी जा सके।
- उपरोक्त के अलावा किशोर न्याय बोर्ड निम्न आदेश भी पारित कर सकते हैं:
    - स्कूल में उपस्थित रहने के लिए या
    - व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में उपस्थित रहने के लिए या
    - उपचार केन्द्र में उपस्थिति के लिए या
    - बच्चे को किसी विशेष स्थान पर जाने या बार–बार रोकने से मना करना या
    - नशा मुक्ति कार्यक्रम में शामिल होना।